gradeup

# सुरक्षा घटनाक्रम
# अप्रैल २०२०



Prep Smart. Score Better. Go gradeup

www.gradeup.co

# सुरक्षा संबंदी घटनाएँ

**रेड फ्लैग हवाई युद्धाभ्यास**

**खबरों में क्यों है?**

• हाल ही में, अमेरिकी वायु सेना ने कोरोनावायरस के प्रकोप के कारण रेड फ्लैग युद्धाभ्यास को रद्द कर दिया है।



**रेड फ्लैग युद्धाभ्यास के संदर्भ में जानकारी:**

• यह संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों की वायु सेना के बीच एक वार्षिक हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास है।

• यह 1975 में पहली बार आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका और संबद्ध देशों के सैन्य पायलटों और अन्य उड़ान चालक दल के सदस्यों के लिए यथार्थवादी हवाई-लड़ाकू प्रशिक्षण प्रदान करना है।

**टॉपिक- जी.एस. पेपर 3-रक्षा**

**स्रोत- द हिंदू**

**पैट्रियॉट एयर डिफेंस मिसाइल**

**खबरों में क्यों है?**

• हाल ही में, अमेरिका ने इराक में पैट्रियॉट एयर डिफेंस मिसाइलों को तैनात किया है।

**पैट्रियॉट एयर डिफेंस मिसाइल के संदर्भ में जानकारी**

• पैट्रियॉट (MIM-104) एक लंबी दूरी की, सभी ऊंचाईयों वाली, सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और उन्नत विमानों का मुकाबला करने के लिए सभी मौसम वाली वायु रक्षा (एयर डिफेंस) प्रणाली है।

• यह मैसाचुसेट्स में रेथियॉन और फ्लोरिडा में लॉकहीड मार्टिन मिसाइल और फायर कंट्रोल द्वारा निर्मित की गई है।

• पैट्रियॉट मिसाइल ट्रैक-वॉया मिसाइल (टी.वी.एम.) मार्गदर्शन प्रणाली से सुसज्जित है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 100+ Mock Tests
UPSC CSE, UPSC EPFO & State PCS Exams
Enrol Now




**यह कैसे कार्य करती है?**

• उल्लेखनीय लक्ष्य के साथ, पैट्रियॉट मिसाइल प्रणाली को एक आने वाली मिसाइल का पता लगाकर, लक्षित करके और फिर मारने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो 10 से 20 फीट (3 से 6 मीटर) से अधिक लंबी नहीं हो सकती है।

• यह ध्वनि की गति से तीन से पांच गुना अधिक गति से उड़ सकती है। उन्नत पैट्रियॉट प्रणाली आने वाले विमानों और क्रूज मिसाइलों को भी नष्ट कर सकती है।

• यह दुश्मन की मिसाइलों (जैसे- स्कड मिसाइलों) को मार गिरा सकती है और मिसाइल हमले से सैनिकों और नागरिकों की रक्षा कर सकती है।

इराकी युद्ध में कई बार पैट्रियॉट मिसाइल बैटरियों को सक्रिय किया गया था और 1991 के खाड़ी युद्ध में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया था। बैटरी के पांच घटक हैं:

a. खुद मिसाइल (MIM-104)

b. मिसाइल लॉन्चर, जो मिसाइलों (M-901) को रखता है, आवागमन करता है, लक्षित करता है और लॉन्च करता है। यह हिस्सा आवश्यक है क्योंकि प्रत्येक मिसाइल का वजन लगभग 1 टन है।

c. आने वाली मिसाइलों का पता लगाने के लिए एक रडार एंटीना (MPQ-53 या MPQ-65)।

d. एंगेजमेंट कंट्रोल स्टेशन (ECS) नामक एक उपकरण वैन में बैटरी को नियंत्रित करने के लिए कंप्यूटर और कंसोल होते हैं। (MSQ-104)

e. दो 150-किलोवाट जनरेटर से सुसज्जित एक पावर प्लांट ट्रक होता है, जो रडार एंटीना और ई.सी.एस. के लिए बिजली प्रदान करता है।

**टॉपिक- जी.एस. पेपर 3- रक्षा**

**स्रोत- टी.ओ.आई.**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 100+ Mock Tests
UPSC CSE, UPSC EPFO & State PCS Exams
Enrol Now

## एन.सी.सी. योगदान अभ्यास

**खबरों में क्यों है?**

• हाल ही में, रक्षा मंत्रालय (एम.ओ.डी.) ने वर्तमान में चल रहे वायरस के प्रकोप के खिलाफ लड़ाई में 'एन.सी.सी. योगदान अभ्यास' के अंतर्गत एन.सी.सी. कैडेटों के अस्थायी रोजगार की अनुमति दी है।



**राष्ट्रीय कैडेट कोर के संदर्भ में जानकारी**

• राष्ट्रीय कैडेट कोर, नई दिल्ली में अपने मुख्यालय के साथ सशस्त्र बलों की युवा शाखा है।

• यह स्कूल और कॉलेज के स्वैच्छिक छात्रों के लिए खुली है।

• राष्ट्रीय कैडेट कोर, एक त्रि-सेवा संगठन है, जिसमें सेना, नौसेना और एयर विंग शामिल हैं, जो देश के युवाओं को अनुशासित और देशभक्त नागरिकों के रूप में संवारने में लगे हुए हैं।

**वायरल के प्रकोप के बीच कैडेट्स के लिए परिकल्पित कार्यों के प्रकारों में शामिल हैं:**

• हेल्पलाइन/ कॉल सेंटर की मैनिंग

• राहत सामग्री, दवाओं, भोजन/ आवश्यक वस्तुओं का वितरण

• सामुदायिक सहायता

• डेटा प्रबंधन और कतार और यातायात प्रबंधन

• सी.सी.टी.वी. नियंत्रण कक्षों की मैनिंग

**टॉपिक- जी.एस. पेपर 3- रक्षा**

**स्रोत- डी.एस.टी.**

## सागर (SAGAR) दृष्टिकोण का परीक्षण किया जा रहा है।

**खबरों में क्यों है?**

• भारतीय महासागर आयोग (आई.ओ.सी.) के पर्यवेक्षक के रूप में भारत का हालिया प्रवेश, इसके सागर दृष्टिकोण का परीक्षण करेगा।

**उद्देश्य**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 100+ Mock Tests
UPSC CSE, UPSC EPFO & State PCS Exams
Enrol Now

• हिंद महासागर में भूमि और समुद्री क्षेत्रों और हितों की सुरक्षा के लिए क्षमताओं को बढ़ाना
• समुद्र तटों पर आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को गहन बनाना, प्राकृतिक आपदाओं और समुद्री खतरों जैसे कि समुद्री डकैती, आतंकवाद से निपटने के लिए कार्रवाई करना
• इसमें अपने किनारों से ऊपर के देशों के साथ संलग्न होना भी शामिल है जिससे कि अधिक विश्वास का निर्माण किया जा सके और समुद्री नियमों, मानदंडों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सम्मान को बढ़ावा दिया जा सके।




**SAGAR (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के संदर्भ में जानकारी**
• प्रधानमंत्री ने मार्च, 2015 में सागर के दृष्टिकोण को प्रतिपादित किया था, जो हिंद महासागर के लिए भारत के दृष्टिकोण का एक स्पष्ट उच्चारण है। सागर में अंतर-संबंधित तत्व हैं और हिंद महासागर में भारत की भागीदारी को जांचता है।
**हिंद महासागर आयोग के संदर्भ में जानकारी**
• यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर में पांच छोटे-छोटे द्वीप शामिल हैं, जिनके नाम कोमोरोस, मेडागास्कर, मॉरीशस, रियूनियन (एक फ्रांसीसी विभाग) और सेशेल्स हैं।
• इसका सचिवालय मॉरीशस में स्थित है।
• हाल ही में, आई.ओ.सी. ने आयोग के 34वें मंत्रिपरिषद में 6 मार्च, 2020 को भारत को पर्यवेक्षक का दर्जा प्रदान किया है।
• अब इसके 5 पर्यवेक्षक- चीन, भारत, माल्टा, यूरोपीय संघ और ऑर्गनाइजेशन इंटरनेशनेल डे ला फ्रांकोफोनी हैं।
**पृष्ठभूमि**
• मार्च 2015 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन छोटे लेकिन महत्वपूर्ण हिंद महासागर द्वीप राज्यों- सेशेल्स, मॉरीशस और श्रीलंका का दौरा किया था।
• इस दौरे के दौरान, उन्होंने हिंद महासागर के लिए भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण: क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और प्रगति (SAGAR) का का अनावरण किया था।
**टॉपिक- जी.एस. पेपर 3- रक्षा**
**स्रोत- लाइव मिंट, द हिंदू**



**नूर उपग्रह**

**खबरों में क्यों है?**

• हाल ही में, ईरान ने 'नूर' नामक एक उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है।

**नूर के संदर्भ में जानकारी**

• यह कक्षा में ईरान का पहला सैन्य उपग्रह है।

• इस्लामी गणतंत्र समाचार एजेंसी (आई.आर.एन.ए.), ईरानी सरकार की आधिकारिक वेबसाइट ने नूर के सफल प्रक्षेपण की पुष्टि की है।

• उपग्रह को तीन चरण वाहक घासेड से लॉन्च किया गया था और इसे 425 किलोमीटर की कक्षा में स्थापित किया गया था।



**टॉपिक- जी.एस. पेपर 3- रक्षा**

**स्रोत- ए.आई.आर.**

**पिच ब्लैक 2020**

**खबरों में क्यों है?**

• हाल ही में, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को सूचित किया है कि 27 जुलाई से 14 अगस्त तक होने वाले उनके प्रमुख बहुपक्षीय हवाई युद्ध प्रशिक्षण युद्धाभ्यास पिच ब्लैक 2020 को कोविड-19 स्थिति के कारण रद्द कर दिया गया है।

**पिच ब्लैक 2020 के संदर्भ में जानकारी**

• यह एक द्विवार्षिक युद्धाभ्यास है, जिसे रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना (आर.ए.ए.एफ.) द्वारा आयोजित किया जाता है।

• इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य एक नकली युद्ध के माहौल में आक्रामक काउंटर एयर (ओ.सी.ए.) और रक्षात्मक काउंटर एयर (डी.सी.ए.) से निपटने का अभ्यास करना है।

• यह इन देशों के साथ गतिशील युद्ध के माहौल में ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है।

• पिच ब्लैक का अगला संस्करण वर्ष 2022 में निर्धारित किया गया है।





**ऑस्ट्रेलिया के साथ अन्य युद्धाभ्यास**

**ऑसइंडेक्स**

- यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक द्विपक्षीय नौसैनिक युद्धाभ्यास है।

**नोट:** हाल ही में, नामित ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त- बैरी ओ फैरेल ने भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया के बीच त्रिपक्षीय सहयोग के लिए पिच तैयार की है, जिससे कि “हम तीन देश हिंद महासागर के सर्वश्रेष्ठ संभावित संरक्षण हेतु सहयोग करने हेतु नए तरीकों की पहचान कर सके”।

**टॉपिक- जी.एस. पेपर 3- रक्षा**

**स्रोत- द हिंदू**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 100+ Mock Tests
UPSC CSE, UPSC EPFO & State PCS Exams
Enrol Now

gradeup

# सुरक्षा घटनाक्रम अप्रैल २०२०



Prep Smart. Score Better. Go gradeup

www.gradeup.co